तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 14 जून 2026

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]



11 हाईवे किनारे महिला ने दिया बच्चे को जन्म, टीआई ने...





12 कबड्डी संघ के पदाधिकारियों ने डॉ. रमन सिंह से की...








Sanjeevani Multispeciality Hospital

संजीवनी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

हेल्थकेयर क्षेत्र में सुनहरा भविष्य

आज ही संजीवनी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल से नर्सिंग कोर्स करें और पायें एक सफल करियर की गारंटी।

4 साल से लगातार सफलतापूर्ण कोर्स संपूर्ण

ADMISSION OPEN 2026-27

उपलब्ध कोर्स: OT TECHNICIAN | X-RAY TECHNICIAN | NURSING COURSE | DIALYSIS TECHNICIAN | PATHOLOGY TECHNICIAN

संजीवनी इंस्टीट्यूट क्यों चुने? अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण | अनुभवी स्टाफ द्वारा प्रशिक्षण | रेगुलर क्लासेस व प्रैक्टिकल | ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस से सीखने का मौका | 100% प्लेसमेंट सहायता

एडमिशन के लिए संपर्क करें 9340801080, 8602259351 | संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, महिंद्रा ट्रैक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम (छ.ग.)



प्रवेश प्रारंभ

B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA PG Diploma in Yoga Edu.

AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)

नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

मो.न. - 8103982557


## विडंबना : 16 जून से नया सत्र पर बच्चों के हाथ फिर खाली

# खत्म नहीं हो रहा केंद्रीय विद्यालय का इंतजार, अब एक और नया सत्र शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सन्-2012 में जब गरियाबंद को जिला घोषित किया गया था, तब वनांचल के हजारों बच्चों और पालकों की आंखों में देश के सबसे प्रतिष्ठित केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने का सपना तैरा था। आज जिला गठन के 14 साल बीत चुके हैं, तारीखें बदलीं, सरकारें बदलीं, लेकिन नहीं बदला तो इस आदिवासी बहुल जिले के नौनिहालों का इंतजार। आगामी 16 जून से नया शिक्षण सत्र 2026-27 शुरू होने जा रहा है, लेकिन इस बार भी गरियाबंद के हिस्से में सिर्फ संशय और मायूसी आई है। प्रशासन और शासन के ढुलमुल रवैये के कारण राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आस लगाए बैठे विद्यार्थियों को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। इस पूरे मामले में प्रशासनिक उदासीनता और अफसरशाही का एक हैरान करने वाला चेहरा बीते वर्ष सामने आया था। केंद्र सरकार ने गरियाबंद में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए अंतिम हरी झंडी देने से पहले स्थल चयन (भूमि) की रिपोर्ट मांगी थी। इस महत्वपूर्ण मोड़ पर जिला शिक्षा विभाग के तत्कालीन मुखिया जगजीत धीर ने एक ऐसा गैर-जिम्मेदाराना जवाब भेजा, जिसने पूरे जिले को हतप्रभ कर दिया। उन्होंने रिपोर्ट में लिख दिया कि जिले में केंद्रीय विद्यालय के लिए उपयुक्त भूमि ही उपलब्ध नहीं है। यह भ्रामक जवाब जैसे ही सार्वजनिक हुआ, जिले के राजनैतिक और सामाजिक गलियारों में भूचाल आ गया। सत्तारूढ़ दल के नेताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस पर कड़ा आक्रोश जताया। चौतरफा किरकिरी होने के बाद विभाग ने आनन-फानन में दोबारा पत्राचार किया और भूमि चयन की रिपोर्ट सुधारकर दिल्ली भेजी। लेकिन इस बड़ी लापरवाही ने प्रक्रिया को महीनों पीछे धकेल दिया और आज भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

**वनांचल की प्रतिभाओं के साथ अन्याय, आर्थिक तंगी रोक रही रास्ता-** गरियाबंद जिला भौगोलिक रूप से बेहद जटिल और आदिवासी बहुल है। यहां के दूरस्थ वनांचल और ग्रामीण इलाकों में ऐसी प्रतिभावान कॉपियां बिखरी पड़ी हैं, जो सही मंच मिलने पर देश-दुनिया में जिले का नाम रोशन कर सकती ▶▶|शेष पेज 11 पर



### शिक्षाविदों और पालकों का सवाल- आखिर और कितना इंतजार?

भूमि चयन की सारी कागजी औपचारिकताएं दुरुस्त होने के बाद भी इस सत्र में स्कूल क्यों नहीं खुल पा रहा है? इस पर अब तक स्थिति साफ नहीं है। जिले के शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों और जागरूक अभिभावकों का कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार को अब गरियाबंद के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करना चाहिए। यदि भूमि तय है, तो इस सत्र से वैकल्पिक भवन या अस्थाई रूप से ही सही, केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं शुरू करने का अविलंब निर्णय लिया जाना चाहिए।

# कार्रवाई के बाद भी नहीं थम रहा रेत का खेल

## पैरी नदी में रात के अंधेरे में उतर रहे सैकड़ों हाइवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है लेकिन इसके बावजूद पैरी नदी में अवैध रेत उत्खनन का कारोबार बेखौफ जारी है। रात के अंधेरे में सैकड़ों हाइवा वाहन नदी में उतरकर रेत लोडिंग कर रहे हैं, जिससे प्रशासनिक कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े होने लगे हैं। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने 11 जून की देर रात से 12 जून की सुबह करीब 9:30 बजे तक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान राजिम थाना क्षेत्र के चौबेबांधा-सिंधोरी बॉर्डर पर दबिश देकर अवैध खनन में उपयोग की जा रही एक चेन माउंटेन मशीन को जब्त किया गया। वहीं एक हाइवा वाहन को पकड़कर आगे की कार्रवाई के लिए पांडुका थाना में रखा गया है जबकि एक अन्य जब्त वाहन को राजिम थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। अधिकारियों के मुताबिक अवैध रेत और खनिज ▶▶|शेष पेज 11 पर

### कार्रवाई की जाएगी

माइनिंग सहायक अधिकारी अर्चना ठाकुर और माइनिंग इंस्पेक्टर कोमल ध्रुव ने बताया कि जिले में अवैध खनन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है और भविष्य में भी पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांच एवं कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### कैमरें में कैद हुई उड़न गिलहरी



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व जंगल से बेहद ही खुबसूरत तस्वीर निकलकर सामने आई है जिसमें उड़न गिलहरी एक पेड़ से दूसरे पेड़ में छलांग लगाते नजर आ रहे हैं। यह बेहद दुर्लभ किस्म के गिलहरी माना जाता है।

### विजय कृषि केन्द्र बंसुला का उर्वरक प्राधिकार पत्र निरस्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय लंगेह ने जिले के किसानों को उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को खाद के भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में 16 मई 2026 को अनुविभागीय कृषि अधिकारी सरायपाली एवं वरिष्ठ कृषि अधिकारी बसना द्वारा विजय कृषि केन्द्र, पदमपुर रोड बंसुलाडीपा, बसना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित फर्म द्वारा दुकान में उर्वरक की मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करना, बिल बुक का संधारण नहीं करना तथा पॉस मशीन के स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में अंतर पाया गया। इस पर संबंधित फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। फर्म द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों के उल्लंघन के तहत विजय कृषि केन्द्र बंसुला का उर्वरक प्राधिकार पत्र निरस्त कर दिया गया है। उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि जिले में उर्वरक विक्रेताओं की सतत जांच की जा रही है। कोई भी विक्रेता उर्वरक नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत नियमानुसार कार्रवाई होगी।

### 16 से 15 तक मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित

**महासमुंद।** राज्य शासन ने 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया है। इस दौरान प्रदेश सहित जिले के अधिकांश जल स्त्रोतों में मत्स्याखेट की गतिविधियां पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी।सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम, 1972 की धारा-3 उपधारा-2 के तहत यह प्रतिबंध लागू किया गया है। बंद ऋतु के दौरान जिले के सभी नदी, नाले, जलाशय तथा अन्य प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ना निषिद्ध रहेगा।

# गौरघाट तहसील कार्यालय में पेयजल की व्यवस्था नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर




गरियाबंद जिले के तहसील कार्यालय मैनपुर गौरघाट में दूर -दूर से पहुंचने वाले ग्रामीणों के लिए इस भीषण गर्मी में पेयजल की व्यवस्था नहीं है। यहां लंबे समय से फ्रीजर लगाने की मांग किया जा रहा है लेकिन इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है और तो और पेड़ के नीचे दूर-दूर से पहुंचे लोग छांव की तलाश करते नजर आते है। मैनपुर नगर से 3 किमी दूर ग्राम गौरघाट में तहसील कार्यालय का नया भवन निर्माण किया गया है तब से तहसील कार्यालय का संचालन गौरघाट में किया जा रहा है और यहां राजस्व संबंधी अपनी समस्याओं को लेकर 40-50 किमी दूर से ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचते है। खासकर सप्ताहिक बाजार सोमवार और मंगलवार को भारी भीड़ लगी रहती है लेकिन तहसील कार्यालय में पहुंचने वाले ग्रामीणों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। यहां पहले पानी पीने के लिए आरो लगाया गया था, वह खराब पड़ा हुआ है। सामने एक हैंडपंप है लेकिन हैंडपंप पानी लाल आयरनयुक्त होने के कारण इसका उपयोग नहीं कर पाते। पूर्व में भी ग्रामीणों ने जिले के कलेक्टर को मांगपत्र सौंपकर तहसील कार्यालय में फ्रीजर लगाने की मांग किया गया था लेकिन आज तक फ्रीजर नहीं लगाया गया। इस भीषण गर्मी में सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचने वाले लोगों को हो रही है। उन्हे पीने के लिए तहसील कार्यालय में ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं तहसील कार्यालय के सामने लोगों के बैठने के लिए शेड निर्माण नहीं होने से पेड़ के नीचे बैठकर अपनी बारी का इंतिजार करते ग्रामीण नजर आते हैं। यहां बारिश और गर्मी को देखते हुए दूर -दूर से पहुंचने वाले ग्रामीणों के लिए छांव की व्यवस्था भी नहीं है शेड निर्माण किया जाना बेहद जरूरी हो गया है।

# श्री सत्यनारायण मंदिर का 77वां वार्षिकोत्सव 19 को



**नवापारा-राजिम।** कसेर कंसारी समाज के पूर्वजों द्वारा स्थापित ऐतिहासिक श्री सत्यनारायण मंदिर में भगवान श्री सत्यनारायण महाप्रभु जी की मूर्ति स्थापना का 77वां वार्षिकोत्सव 19 जून को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस आयोजन का संचालन नगर कंसारी समाज एवं श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में 13 जून से सप्ताहभर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। प्रतिदिन प्रातः 4 बजे से भजन-कीर्तन के साथ नगर में प्रभात फेरी निकाली जा रही है। 14 जून को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन होगा, 16 जून को महिला संगठन द्वारा खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। समाज की सत्यनारायण शिक्षा समिति द्वारा 19 जून को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य आयोजन के तहत 19 जून, शुक्रवार को प्रातः 7 बजे श्री सत्यनारायण महाप्रभु जी की भव्य शोभायात्रा मंदिर परिसर से निकाली जाएगी। शोभायात्रा में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा पड़ोसी राज्य ओडिशा से भी बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं श्रद्धालु शामिल होंगे। रात्रि 8 बजे से मंदिर परिसर में संकीर्तन एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु भक्तिमय वातावरण में प्रभु की आराधना करेंगे। नगर कंसारी समाज एवं मंदिर समिति ने समाजजनों तथा श्रद्धालुओं से सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# फर्जी सीमांकन के विरोध में बुजुर्ग किसान ने दी अनशन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ग्राम टेंगनाबासा निवासी 75 वर्षीय किसान लालाराम ध्रुव ने अपनी भूमि के कथित फर्जी सीमांकन को लेकर तहसील प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। किसान ने तहसीलदार छुरा को आवेदन सौंपकर आरोप लगाया है कि उनकी भूमि का सीमांकन बिना उचित सूचना एवं निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए किया गया, जिससे उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। आवेदन के अनुसार, खसरा नंबर 438, रकबा 0.1000 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन 5 दिसंबर 2025 को किया गया था। लालाराम ध्रुव का आरोप है कि सीमांकन की कार्रवाई के दौरान उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई तथा उनकी अनुपस्थिति में उनके पुत्र को बुलाकर प्रक्रिया पूरी कर ली गई। उन्होंने सीमांकन पंचनामा में गवाहों के कथित फर्जी हस्ताक्षर किए जाने का भी आरोप लगाया है। किसान ने आवेदन में उल्लेख किया है कि ग्राम के ही एक व्यक्ति द्वारा उनकी निजी भूमि खसरा नंबर 438 पर राजस्व अमले को बुलाकर सीमांकन कराया गया और बाद में भूमि पर कब्जा कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण भी कर लिया गया। उनका दावा है कि पूरी सीमांकन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच कर संबंधित गवाहों के बयान लिए जाने पर वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। लालाराम ध्रुव ने बताया कि कथित फर्जी सीमांकन को निरस्त कर पुनः सही सीमांकन कराने की मांग को लेकर उन्होंने 16 फरवरी 2026 एवं 23 अप्रैल 2026 को भी आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। कार्रवाई नहीं होने से क्षुब्ध किसान ने 11 जून 2026 को पुनः आवेदन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर पुनः सीमांकन नहीं कराया गया, तो वे किसान संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में तहसील कार्यालय छुरा में ▶▶|शेष पेज 11 पर

## श्री गोपाल गौशाला में गूंज रही गौ कथा पुराण की महिमा

# गौ माता की सेवा करने से मिलेगा हर साधना का फल : पं. ब्रह्मदत्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्री गोपाल गौशाला में गौ कथा पुराण प्रसंग के दौरान व्यासपीठ पर विराजमान पंडित ब्रह्मदत्त शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की गौ माता के प्रति, प्रीति का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान को गऊ माता से बढ़कर और किसी से भी प्यार नहीं है उनका जो शाश्वत धाम है उसका तो नाम ही गोलोकधाम है। गायों के लिए तो वह अपना सर्वस्व सहर्ष न्योछावर करने के लिए तैयार रहते हैं। श्री कृष्णा उपनिषद में कहते हैं कि मैं तो चाहता हूं कि गाय अपने झुंड में सदैव मेरे साथ रहे, मेरे आगे रहे, मेरे पीछे रहे मुझे तो गायों के बीच में ही रहना भाता है। वास्तव में देखा जाए तो भगवान के जो भी मंदिर है वह उसके कार्यालय हैं और जो गौशाला है वह उनका स्थाई पता है ,उनका घर है ,जहां वह सदैव निवास करते हैं। श्रीकृष्ण चंद्र के प्राकट्य की पृष्ठभूमि तैयार करते हुए शास्त्री जी ने बताया कि श्रीमद् भागवत साक्षात भगवान श्री कृष्ण का ही वांगमय स्वरूप है श्री कृष्ण प्राकट्य श्रीमद् भागवत के दशम स्कंध में होता है ,यह दशम स्कंध उनके ▶▶|शेष पेज 11 पर



# मैनपुर मुक्तिधाम में नहीं है सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में कहने को तो दो मुक्तिधाम है एक नदीपारा जो नदी किनारे स्थित है और यह मुक्तिधाम में शेड निर्माण किया जा चुका है लेकिन यहां सुविधा नाम की कोई चीज नहीं है। सड़क नहीं है और तो और एक हैण्डपंप तक नहीं है जिसके कारण शव यात्रा में पहुंचने वाले लोगों को भारी परेशानी होती है। कई बार इस मामले की शिकायत स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों से किया जा चुका है लेकिन अब तक सुविधा उपलब्ध कराने कोई प्रयास नहीं किया गया और तो और एक मुक्तिधाम जो हायर सेकेण्डरी स्कूल के पीछे है वह चारो तरफ से घेरा हो गया है और गंदगी कीचड़' तथा कचरों के चलते यहां भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी परिसर में ईसाई समाज का कब्रिस्तान भी है जिसकी भी सफाई की मांग पिछले दिनों ईसाई समाज द्वारा आवेदन देकर किया गया था।

## खबर संक्षेप




### सोहम में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**महासमुंद।** लभराखुर्द स्थित सोहम हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 14 जून को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की गई है। शिविर में स्त्री रोग, सायटिका, कमर दर्द, घुटना दर्द एवं सर्वाइकल संबंधी समस्याओं की जाँच विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी तथा निःशुल्क परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। साथ ही शिविर में बीपी, शुगर, ईसीजी, सोनोग्राफी एवं बोन डेंसिटी जांच भी निःशुल्क की जाएगी। सीटी स्केन, ईको, एक्स-रे एवं ब्लड टेस्ट पर 50 प्रतिशत तक की छूट तथा दवाइयों पर विशेष छूट दी जाएगी। हॉस्पिटल संचालक डॉ. युगल चंद्राकर, डॉ. सोमी चंद्राकर द्वारा मरीजों को अधिक संख्या में लाभ लेने की अपील की गई है।

### मनोरोग, नशा मुक्ति एवं यौन रोग जांच शिविर कल

**महासमुंद।** स्थानीय महासमुंद मेडिकल में आज 14 जून रविवार को मनोरोग, नशा मुक्ति एवं यौन रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मनोपचार हॉस्पिटल रायपुर मनोरोग विशेषज्ञ डॉ प्रखर शर्मा अपनी सेवाएं देंगे।

### कुष्ठ रोग के शून्य संक्रमण लक्ष्य पर राजधानी में दो दिवसीय

**रायपुर।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ रोग के संक्रमण को पूर्णतः समाप्त करने तथा "जीरो ट्रांसमिशन" के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नया रायपुर में 2 दिवसीय क्षेत्रीय समीक्षा एवं रणनीतिक कार्ययोजना हेतु कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव एवं मिशन संचालक आराधना पटनायक, सचिव स्वास्थ्य, छत्तीसगढ़ अमित कटारिया, आयुक्त सह संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं सह मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़संजीव कुमार झा, संयुक्त सचिव भारत सरकार निखिल गजराज, कुष्ठ रोग प्रकोष्ठ के उप महानिदेशक डॉ. सुनील वी. गिट्टे सहित महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड और मध्यप्रदेश के मिशन संचालक, राज्य कुष्ठ अधिकारी व क्षेत्रीय निदेशक उपस्थित रहे।

### एयरपोर्ट में मनाया जाएगा 15 को यात्री सुविधा दिवस

**रायपुर।** देशभर के विमानतलों पर 15 जून को यात्री सुविधा दिवस मनाया जाएगा। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के निर्देश पर रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान यात्रियों को एयरपोर्ट की आधुनिक सुविधाओं, पिछले 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। एयरपोर्ट के निदेशक योगेश नगाईच ने बताया कि यात्री सुविधा दिवस पर रायपुर एयरपोर्ट में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। यात्रियों के स्वागत के लिए लोक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे और विशेष सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे।

# हाईवे किनारे महिला ने दिया बच्चे को जन्म, टीआई ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आई है जिसमें एक गर्भवती महिला नेशनल हाईवे 130 सी सड़क किनारे ही सुरक्षित बच्चों को जन्म दिया। इस दौरान देवदूत बनकर पहुंचे इंदागांव थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार विजयवार ने अपने वाहन से जच्चा -बच्चा को मैनपुर अस्पताल तक सुरक्षित पहुंचाया। ज्ञात हो कि पुलिस को अक्सर कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए जाना जाता है, लेकिन गरियाबंद जिले के मैनपुर विकास खंड इंदागांव थाना प्रभारी ने ऐसा काम किया है जिसने पुलिस का मानवीय और संवेदनशील चेहरा सामने ला दिया। प्रसव पीड़ा से तड़प रही एक गर्भवती महिला और उसके नवजात शिशु की जान बचाने के लिए थाना प्रभारी ने बिना एक पल गंवाए खुद मोर्चा संभाला और दोनों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाकर मानवता की मिसाल पेश की। जानकारी के मुताबिक इंदागांव थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार विजयवार थाना से अपने क्षेत्र के गस्त में निकले हुए थे कि उन्हें सड़क किनारे एक महिला और पुरुष दिखाई दिया महिला अपने पेट को हाथ से थामा हुआ था और दर्द से कहरा रहा था और देखते ही देखते नेशनल हाईवे में ही एक सुरक्षित बच्चों को जन्म दे दिया, थाना प्रभारी बगैर समय गंवाए तत्काल अपने वाहन को साइड में लगाकर जच्चा और बच्चा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इंदागांव ले गए, पर वहां कोई उपस्थित नहीं होने पर तत्काल अपने वाहन से 40 किलोमीटर दूर मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां अभी जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित है।

# पेड़ों के संरक्षण के लिए शासन के कड़े निर्देश



**महासमुंद।** नगर क्षेत्र में स्थित वृक्षों के संरक्षण एवं संवर्धन को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार नगर क्षेत्र के सभी पेड़ों के चारों ओर एक मीटर के दायरे में निर्मित कांक्रीट, पेवर ब्लॉक एवं अन्य अवरोधक संरचनाओं को हटाया जाएगा, ताकि वृक्षों को पर्याप्त जल, वायु एवं पोषक तत्व प्राप्त हो सकें। साथ ही भविष्य में किसी भी वृक्ष के चारों ओर कांक्रीट निर्माण, रिपेयरिंग अथवा अन्य स्थायी निर्माण कार्य नहीं किए जाएंगे। नगर पालिका सीएमओ सौरभ शर्मा ने बताया है कि विधुत विभाग को पेड़ों से लपेटकर ले जाए गए विद्युत, केबल अथवा अन्य प्रकार के वायर तत्काल हटाए जाने का निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त वृक्षों पर लगाए गए समस्त साइन बोर्ड, विज्ञापन बोर्ड एवं एडवाइजरी बोर्ड भी हटाए जाएंगे, जिससे वृक्षों को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संरक्षण एवं शहर की हरियाली के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सभी संबंधित विभागों को निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने तथा वृक्षों के संरक्षण के प्रति विशेष सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है।

## जायजा : योजनाओं की जमीनी स्थिति की ली जानकारी

# जिला पंचायत सीईओ ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति की समीक्षा के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार ने शुक्रवार को विकासखंड सरायपाली एवं बसना क्षेत्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत हेमंत नंदनवार ने ग्राम पंचायत बालसी में निर्मित सामुदायिक शौचालय का अवलोकन किया। उन्होंने शौचालय की उपयोगिता, साफ-सफाई व्यवस्था एवं रख-रखाव की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि सामुदायिक परिसंपत्तियों का नियमित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को इसका बेहतर लाभ मिल सके। इसके पश्चात ग्राम पंचायत केंदुढार में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों के सर्वांगीण विकास, पोषण एवं प्रारंभिक शिक्षा के लिए बेहतर सुविधा केंद्र के रूप में विकसित करने पर भी जोर दिया गया।

ग्राम पंचायत बिरकोल में हाट बाजार एवं तालाब का निरीक्षण करते हुए नंदनवार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े हाट बाजारों को सुव्यवस्थित करने तथा आमजन को सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। तालाब निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल संरक्षण एवं जल संवर्धन कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराने कहा। उन्होंने कहा कि वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण कर भू-जल स्तर में सुधार लाने के लिए ग्राम स्तर पर प्रभावी प्रयास किए जाएं। तालाबों के गहरीकरण, साफ-सफाई एवं आसपास के क्षेत्र के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने समुदायिक केंद्र बसना एवं सरायपाली का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं, व्यवस्थाओं एवं संचालित गतिविधियों की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए मैदानी स्तर पर सतत निगरानी रखें। विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इस दौरान संबंधित जनपद पंचायत एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय अमला उपस्थित रहे।

# पांच दिवसीय संस्कार केंद्र आचार्य विकास वर्ग का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय संस्कार केंद्र आचार्य विकास वर्ग का उद्घाटन सत्र हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जुड़ावन सिंह ठाकुर (मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, संस्कार केंद्र प्रभारी मध्य क्षेत्र), कार्यक्रम की अध्यक्षता संध्या शर्मा (आदर्श शिक्षा मंडल समिति के उपाध्यक्ष), विशेष अतिथि श्रवण सिन्हा (जिला प्रतिनिधि महासमुंद), चंद्रकुमार डडसेना (संस्कार केंद्र प्रांत प्रमुख), राकेश तिवारी (संस्कार केंद्र विभाग प्रमुख रायपुर विभाग), भुवन लाल निषाद संस्कार केंद्र जिला प्रमुख रायपुर, अश्वनी पाटकर (प्राचार्य सशिमं खरोरा), रूपेंद्र कुमार साहू (जिला प्रतिनिधि गरियाबंद), विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा उपस्थित थे।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती ओम एवं भारत माता के तैल्य चित्र पर तिलक लगाकर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा, आचार्य बलराम सेन एवं एवं आचार्य टिकेश्वरी चंद्राकर द्वारा किया गया। इसके पश्चात वृत्त पठन करते हुए चंद्रकुमार डडसेना ने कहा कि अभी वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 300 संस्कार केंद्र संचालित हो रहे हैं। विद्या भारती की योजना अनुसार संस्कार केन्द्रों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण वर्ग में रायपुर व राजिम विभाग के रायपुर, धमतरी, बलौदाबाजार, महासमुंद जिला से आचार्य/दीदी उपस्थित हुए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संध्या शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम बच्चों को संस्कार कैसे दें, वह संस्कार केंद्र के माध्यम से प्रदान किया जाता है। जहां घर में भी माताएं कुछ समय बच्चों को संस्कार सिखाए तो बच्चों को उचित संस्कार प्राप्त होगा। साथ ही उनके द्वारा स्वरचित कविता नारी बने महान प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जुड़ावन सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि मातृभूमि दो शब्दों से मिलकर बना है, मातृ से माता और भूमि से धरती अर्थात माता की धरती भूमि को भी माता माना जाता है। पूरे विश्व में भारत एक ऐसा देश है, जहां भारत को भारत माता कहकर पुकारा जाता है। भारत देवताओं द्वारा निर्मित देश है, जहां अनेक देवी देवताओं ने जन्म लिया। हमारे देश में अनेक क्रांतिकारी भी जन्म लिए जिसमें भगत सिंह चंद्रशेखर आजाद, खुदीराम बोस जैसे अनेक क्रांतिकारियों ने अपने देश को आजाद करने के लिए अपने प्राण देश के लिए न्योछावर कर दिए। शिक्षा के क्षेत्र में दो गुरु होते हैं। एक माता हर प्रकार से अपने बच्चों को शिक्षा देती है, दूसरा शिक्षक जो अपने छात्रों को शिक्षा देते हैं, जिनसे जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। विद्या मनुष्य के अवचेतन मन को जागृत करता है। आज के समय में विद्या भारती द्वारा संचालित संस्कार केदो में बच्चों को संस्कार सीखने के साथ-साथ अनेक प्रकार से जीवन मूल्यों की शिक्षा दी जाती है।

## रक्तदान शिविर व रक्तदाताओं का सम्मान समारोह आज

**महासमुंद।** विश्व रक्तदाता दिवस पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद द्वारा 14 जून 2026 को जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में विशाल रक्तदान शिविर एवं रक्तदाताओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक होगा। यह कार्यक्रम विनय कुमार लंगेह कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में संदीप दीवान सभापति (चेयरमैन), भूपेन्द्र राठौर उपाध्यक्ष, पारस चोपड़ा कोषाध्यक्ष, डॉ. आई नागेश्वर राव सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मनोज पींचा संरक्षक सदस्य, महेंद्र कुमार श्रीश्रीमाल संरक्षक सदस्य तथा डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी जिला रेडक्रॉस अधिकारी एवं राज्य प्रतिनिधि सहित रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य, अनिता रावटे, डॉ. एमवॉय मेमन, दाऊलाल चंद्राकर, माधवराव टाकसाले, अरुणा शुक्ला, ऐतराम साहू, मनीष शर्मा, संजय शर्मा, सती साहू, प्रमोद तिवारी, प्रेम चन्द्राकर, अरशी अनवर, एचआर बघेल, अभिषेक पाण्डेय, आकाश पाण्डेय, सुनील शर्मा, यशवंत चौधरी, हीरा बंजारे, राजेश्वर खरे, विश्वनाथ पाणिग्रही एवं धर्मेन्द्र महोबिया तथा समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में जिले के समाजसेवी, युवा, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं आमजन अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वैच्छिक रक्तदान करेंगे। साथ ही नियमित रक्तदाताओं को सम्मानित कर उनके योगदान का अभिनंदन किया जाएगा।

## पुरुषोत्तम मास शिवरात्रि पर बम्हनी में विशेष पूजन हवन



**महासमुंद।** पुरुषोत्तम मास शिवरात्रि पर श्वेत गंगा परिसर स्थित बम्हनेश्वर नाथ महादेव का शन्विार 13 जून को विशेष पूजन किया गया। सुबह 10 बजे से सस्वर रुद्री पाठ से सवा 5 लीटर दूध से रुद्राभिषेक किया गया। इसके पूर्व विराजित सभी देवी देवताओं का पूजन विधि विधान से पांडेय व अग्रवाल परिवार के सदस्यों ने किया। रुद्राभिषेक उपरांत पं. कृष्ण कुमार पांडेय, सुनील पांडेय ने होरीलाल पांडेय, कल्याणी पांडेय, शेषनारायण पांडेय, श्वेता पांडेय, अमिताभ अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, प्रभा यादव, मीना साहू आदि से हवन पूजन कराया। पश्चात भोलेनाथ का श्रृंगार आरती की गई। श्रृंगार आरती उपरांत मंदिर परिसर में हनुमान लला की भी आरती की गई। उपरांत भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से सरपंच रूपा घनश्याम ध्रुव, डॉ.संतोष अग्रवाल, सुखीराम साहू, खिलावन यादव, रेणुका पांडेय, गोपाल साहू, रामेश्वर पांडेय, संतोष दुबे, युवराज दुबे आदि उपस्थित थे। प्रत्येक 3 वर्ष में पुरुषोत्तम मास का योग बनता है। इस बार दो जेठ है, जिसमें अभी पुरुषोत्तम मास चल रहा है। पुरुषोत्तम मास में पूजन, भजन हवन का विशेष महत्व बताया गया है। इसी भाव से यह आयोजन बम्हनी में किया गया।

## क्रिकेट स्पर्धा के समापन समारोह में पहुंची हुलसी



**महासमुंद।** जनपद क्षेत्र के ग्राम खरोरा में युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने और ग्रामीण प्रतिभाओं को एक बेहतर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की गई क्रिकेट प्रतियोगिता केपीएल सीजन 3 का रोमांचक मुकाबलों के बाद शानदार समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर शामिल हुई। उनका खेल प्रेमियों और आयोजन समिति द्वारा आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया।

समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि हुलसी ने फाइनल मैच की विजेता और उप-विजेता टीमों के उत्कृष्ट खेल कौशल की सराहना करते हुए ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। उन्होनें कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने का सबसे सशक्त माध्यम है और ग्रामीण अंचलों में होने वाले ऐसे शानदार आयोजनों से ही स्थानीय छिपी हुई प्रतिभाएं निखरकर सामने आती है।

## कलेक्टर ने पीएचई अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

# पेयजल समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



जनपद पंचायत बसना अंतर्गत ग्राम पलसापली (अ), परगला एवं कलकसा में व्याप्त गंभीर पेयजल एवं निस्तारी जल समस्या को लेकर क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं सभापति प्रकाश सिन्हा ने जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से मुलाकात कर ग्रामीणों का ज्ञापन सौंपा तथा समस्या के शीघ्र निराकरण की मांग की।

उल्लेखनीय है कि उक्त गांवों में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है, जिससे ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों एवं पशुपालकों को विशेष रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों द्वारा पूर्व में भी कई बार संबंधित विभागों एवं प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया था, लेकिन अपेक्षित समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों से ज्ञापन प्राप्त होने के बाद प्रकाश सिन्हा ने सक्रियता दिखाते हुए दूसरे ही दिन महासमुंद पहुंचकर कलेक्टर से मुलाकात की और ग्रामीणों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा। उन्होंने क्षेत्र में व्याप्त जल संकट की गंभीरता से अवगत कराते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए तथा क्षेत्र का निरीक्षण कर आवश्यक कदम उठाने को कहा। प्रकाश सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और पेयजल संकट के स्थायी समाधान के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे। कलेक्टर से हुई सकारात्मक चर्चा के बाद ग्रामीणों में समस्या के समाधान की उम्मीद जगी है। वहीं ग्राम पलसापली (अ), परगला एवं कलकसा के ग्रामीणों ने अपनी समस्या को गंभीरता से उठाकर प्रशासन तक पहुंचाने तथा त्वरित पहल करने के लिए सभापति प्रकाश सिन्हा की सक्रियता एवं जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की है।

# शराब को विकास का आधार मान रही भाजपा सरकार
## चावला ने मंत्री लखनलाल के बयान को बताया शर्मनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रभारी महामंत्री (संगठन) एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष अमरजीत चावला ने प्रदेश के मंत्री लखनलाल देवांगन के उस बयान की कड़ी निंदा की है, जिसमें उन्होंने कहा है कि शराब से प्राप्त राजस्व के माध्यम से प्रदेश का विकास हो रहा है तथा महतारी वंदन योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए राशि उपलब्ध कराई जा रही है। चावला ने कहा कि मंत्री का यह बयान केवल एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं, बल्कि भाजपा सरकार की आर्थिक सोच, विकास मॉडल और जनकल्याण के प्रति उसकी वास्तविक मानसिकता का सार्वजनिक स्वीकारोक्ति है। किसी भी संवेदनशील और दूरदर्शी सरकार का विकास मॉडल उद्योग, कृषि, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और निवेश पर आधारित होता है, लेकिन छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के मंत्री स्वयं यह बता रहे हैं कि उनकी योजनाओं और विकास का आधार शराब से होने वाली कमाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव के समय प्रदेश में सुशासन, रोजगार, आर्थिक समृद्धि और विकास के बड़े-बड़े वादे किए थे। लेकिन सत्ता में आने के बाद अब उसके मंत्री यह स्वीकार कर रहे हैं कि सरकार की योजनाएं शराब बिक्री से प्राप्त राजस्व पर निर्भर हैं। इससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार के पास प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का कोई ठोस रोडमैप नहीं है। अमरजीत ने सवाल उठाया कि क्या भाजपा सरकार यह मानती है कि जितनी अधिक शराब बिकेगी, प्रदेश उतना अधिक विकसित होगा? क्या महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के नाम पर संचालित महतारी वंदन योजना का आर्थिक आधार शराब की कमाई होना चाहिए? यदि सरकार की सोच यही है तो यह महिलाओं, युवाओं और परिवार व्यवस्था के प्रति उसकी असंवेदनशीलता को दर्शाता है। चावला ने कहा कि भाजपा सरकार को प्रदेश की जनता को यह बताना चाहिए कि उसने रोजगार सृजन, औद्योगिक निवेश, किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कौन-सी ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। यदि सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि शराब बिक्री से प्राप्त आय है, तो यह प्रदेश के भविष्य के लिए अत्यंत चिंताजनक संकेत है।

## खबर संक्षेप



**सरायपाली।** सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद बने प्रकाशचन्द्र मांझी।

### मासिक शिवरात्रि पर दीप जलाकर की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के महादेव मंदिर में मासिक शिवरात्रि व्रत पर दीप जलाकर पूजा अर्चना की गई। महिलाओं ने मासिक शिवरात्रि देवों के देव महादेव यानि भगवान शिव की उपासना का दिन है। यह दिन बेहद ही पवित्र और विशेष माना गया है। इस अवसर पर व्रत रखने के साथ ही पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से भगवान व मां पार्वती की पूजा अर्चना करते हैं।

### डंपर ने बाइक को ठोका युवक की मौत

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के राजभवन के पास बुधवार तड़के 3-4 बजे एक तेज रफ्तार डंपर की ठोकर लगने से बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार एक अन्य युवक घायल हुआ है। पुलिस के मुताबिक, डंपर सीजी-13 एआर-3315 के चालक ने लापरवाही से तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए मूलतः मध्यप्रदेश के रहने वाला संजय सेन की बाइक को ठोकर मार दी। संजय अपने एक अन्य साथी गुरजीत सिंह उर्फ मक्खन सिंह के साथ सैर करने निकला था। इस दौरान डंपर चालक ने बाइक को पीछे से ठोकर मार दी।

### सूने मकान में धावा, दो लाख से ज्यादा की चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए नकदी सहित दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। सत्यम विहार कॉलोनी निवासी श्यामा राय ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। श्यामा ने पुलिस को बताया कि एक सप्ताह पूर्व 6 जून को सुबह उसके साथ उसका पति और बेटा भी काम पर चले गए। इस दौरान अज्ञात चोर मकान में छत के रास्ते घुसकर घर की आलमारी तथा बिस्तर के नीचे रखे जेवर तथा नकदी चोरी कर ले गए।

### लेन-देन के विवाद पर कारोबारी को पीटा

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में पंडरी कपड़ा मार्केट में कपड़े का कारोबार करने वाले एक कारोबारी ने एक अन्य व्यापारी तथा उसके बेटे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अशोका रतन निवासी सुमीत नामवानी ने मनोज हिंदुजा तथा उसके बेटे दिव्यांश के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुमीत ने पुलिस को बताया कि मनोज उसका दोस्त है। वह अपने एक अन्य साथी के साथ मनोज से मिलने गया था। बातचीत के दौरान मनोज ने सुमीत के साथ आए व्यक्ति के साथ पुराने लेन-देन की बात को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी।

### नशे में धुत युवक का मोबाइल और दोपहिया पार

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवक ने अज्ञात चोर के खिलाफ आईफोन तथा दोपहिया चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संतोषी नगर, प्रगति विहार कॉलोनी निवासी मोहम्मद वसीम ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। वसीम ने पुलिस को बताया कि शराब पीने से नशा ज्यादा होने की वजह से वह मिश्रा होटल के पास सो गया।

प्रारूप - (एक)

**// सूचना //**

मैं सतविन्दर कौर (SATVINDRA KAUR) (पुराना नाम व जन्मतिथि, जिसे बदला जाना है) पत्नी हरमित सिंह भाटिया (HARMIT SINGH BHATIA) जन्मतिथि 05.09.1973 स्वयं का नाम सतविन्दर कौर (SATVINDER KAUR) पति हरमित सिंह भाटिया (HARMIT SINGH BHATIA) जन्मतिथि 20.05.1975 उम्र-51 वर्ष, निवासी- वार्ड नंबर-07, शीतला पारा छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.) ने अपना नाम सतविन्दर कौर (SATVINDRA KAUR) पत्नी हरमित सिंह भाटिया (HARMIT SINGH BHATIA) जन्मतिथि 05.09.1973 (पुराना नाम व जन्म तिथि) से बदल कर सतविन्दर कौर (SATVINDER KAUR) पति हरमित सिंह भाटिया (HARMIT SINGH BHATIA) जन्मतिथि 20.05.1975 (नया नाम व जन्मतिथि) रख लिया है।

**सतविन्दर कौर**
( SATVINDRA KAUR )

## तकनीक : उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में 10 लाख पेड़ों की बलि

# 956 हेक्टेयर कोर एरिया से कब्जा हटा, साक्ष्य मिटाने के लिए अपनाई गर्डलिंग की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में पिछले डेढ़ दशक के दौरान अतिक्रमणकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर वन विनाश का मामला सामने आया है। वन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अतिक्रमण के कारण 10 लाख से अधिक वृक्ष और पौधे नष्ट हुए, जिससे बाघों, हाथियों और अन्य वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास को गंभीर क्षति पहुंची।

रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2005 से 2021 के बीच विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 956 हेक्टेयर वनभूमि पर अतिक्रमण किया गया अतिक्रमणकारियों ने जंगल साफ कर खेती और बसाहट विकसित की, जिसके चलते सघन साल, सागौन और बांस के वन उजड़ गए। उपग्रह चित्रों, ड्रोन सर्वेक्षण और जीपीएस आधारित साक्ष्यों के आधार पर वन विभाग ने अतिक्रमण की पुष्टि की और चरणबद्ध कार्रवाई करते हुए कब्जा हटाया। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि बड़े वृक्षों को सीधे काटने के बजाय 'गर्डलिंग' तकनीक अपनाई गई, जिसमें पेड़ों की छाल हटाकर उन्हें धीरे-धीरे सुखाया गया। बाद में सूख चुके वृक्षों को काट दिया गया और कई स्थानों पर ठूंठों को भी जला दिया गया, ताकि साक्ष्य मिटाए जा सकें।



**हाथियों के कॉरिडोर और महानदी कैचमेंट एरिया में लौट रही रौनक**

वन अफसरों का का कहना है कि उपग्रह और ड्रोन तकनीक ने वर्षों पुराने वन विनाश के प्रमाण जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन्हीं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर न्यायालयों में वन विभाग का पक्ष मजबूत हुआ और अतिक्रमणकारियों द्वारा दायर याचिकाएं भी खारिज हुईं। वन विभाग ने बताया कि मुक्त कराई गई 956 हेक्टेयर भूमि बाघों के महत्वपूर्ण आवास, हाथियों के आवागमन मार्ग और महानदी जलग्रहण क्षेत्र का हिस्सा है। अतिक्रमण हटने के बाद यहां प्राकृतिक रूप से वन पुनर्जीवित हो रहे हैं तथा वन्यजीवों की आवाजाही में भी सुधार देखा जा रहा है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने इसे विज्ञान, कानून और वन संरक्षण के संयुक्त प्रयासों की बड़ी सफलता बताते हुए कहा है कि भविष्य में भी वन अपराधों और सागौन तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।



## बाजार स्थल पर टिन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव (कोरासी)

छुरा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत कसेकेरा में बाजार स्थल पर विधायक मद से स्वीकृत टीना शेड निर्माण कार्य के लिए विगत दिवस भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य पुष्पालता देवानंद सिन्हा, सरपंच माखन दीवान, उपसरपंच दसमत साहू सहित पंचगण, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाजार स्थल पर टीना शेड का निर्माण होने से ग्रामीणों एवं व्यापारियों को धूप और बारिश से राहत मिलेगी तथा स्थानीय बाजार व्यवस्था अधिक सुविधाजनक और व्यवस्थित बनेगी।

ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि टीना शेड निर्माण से बाजार आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विधायक रोहित साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के निरंतर विकास और जनहितकारी कार्यों की कामना की।




## भुवन धीवर मत्स्य सहकारी समिति के बने अध्यक्ष

**राजिम।** शनिवार को पुजारिन दाई मंदिर किरवई में प्राथमिक मत्स्य सहकारी समिति की बैठक में 104 सदस्य उपस्थित हुए। इस अवसर पर 10 संचालक सदस्य एवं इन्ही में से भुवन लाल धीवर को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष नरेश धीवर, जिला प्रतिनिधि के रूप में खेलन तारक, विश्राम तारक, संचालक सदस्य ओमप्रकाश तारक, जगदीश तारक, दौवा राम तारक, चेमन तारक, संचालक महिला सदस्य अनुसूईया तारक, तेजबाई तारक को सर्वसम्मति से निर्विरोध चुना गया।

## गायत्री परिवार ने नशामुक्ति पर निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

गायत्री नवचेतना केन्द्र फिंगेश्वर के द्वारा देश समाज मे फैल रहे नशा के खिलाफ सामाजिक चेतना जगाते हुए नशा मुक्ति अभियान चलाया। इस अभियान मे नशा से होने वाले नुकसान का सजिव चित्रण कर बताया गया। वहीं पर नशा छोड़ने एवं छुड़ाने उपस्थित लोगो को शपथ दिलाया गया। गायत्री चेतना केन्द्र फिंगे"वर मे गायत्री प्रमुख एच एल साहू,युग पुरोहित परमानंद यादव आदि के मार्ग दर्शन मे गायत्री मंदिर से नशे के खिलाफ एक अनोखा जनजागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली गई। अर्थी के साथ निकाली गई इस यात्रा का उद्देश्य



लोगों का ध्यान आकर्षित कर समाज को नशामुक्ति का संदेश देना था। फिंगेश्वर की सड़कों पर जब अर्थी के साथ शव यात्र निकली तो लोग देखते रह गए और सोचने लग गये कि आज कौन उठ गया? लेकिन कुछ देर में यह पता चल गया कि यह किसी व्यक्ति की अंतिम यात्रा नहीं, बल्कि नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान है जिसे गायत्री परिवार द्वारा निकाली गई है। संदेश के तर्ज पर प्रतीकात्मक शव यात्रा थी। यात्रा के माध्यम से लोगों को बताया गया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए कितना घातक साबित हो सकता है। गायत्री परिवार के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में सबसे अधिक युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आ रहा है और अपना भविष्य बर्बाद कर रहा है। युवाओं को सही मार्गदर्शन देने वाला कोई नहीं है, इसलिए इस तरह के अभियान चलाकर उन्हें नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है। अभियान के दौरान गायत्री परिवार ने नशे के इनाम भी बताए।उनका कहना था कि नशा करने वालों को पहला इनाम कैंसर, दूसरा इनाम टीबी और तीसरा इनाम सीधी मौत के रूप में मिलता है। इस संदेश के जरिए लोगों को नशे के भयावह परिणामों से अवगत कराया गया। इस जनजागरूकता रैली में स्कूली छात्राओं, गायत्री परिवार के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया और युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की।कार्यक्रम मे एच एल साहू,परमानंद यदु, रामूराम साहू, प्रवीण साहू, मुकेश साहू सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार एवं नागरिक शामिल हुए।

## सौतेली मां पर चाकू से जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**रायपुर।** खमतराई थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपनी सौतेली मां पर चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के समय युवक का पिता काम पर गया था। घटना शुक्रवार सुबह 11 बजे की है। घटना के बाद से आरोपी युवक फरार है। युवक के छिपने के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर पुलिस युवक की पतासाजी कर रही है। पुलिस के अनुसार खुरांशु दास (21) ने अपनी सौतेली मां डोमन पर चाकू से हमला किया है। खुरांशु की मां की मौत के बाद डोमन ने 13 साल पूर्व खुरांशु के पिता से शादी की थी। तब खुरांशु की उम्र महज आठ साल थी। शादी के बाद से ही खुरांशु अपनी सौतेली मां को पसंद नहीं करता था। आए दिन उसके साथ विवाद करता था। खुरांशु जब भी अपने पिता से पैसों की मांग करता, पिता पैसे देने से इनकार कर देता था। इससे उसको लगता था कि उसके पिता को उसकी सौतेली मां भड़का रही है। बताया जा रहा है, शुक्रवार को खुरांशु ने अपने पिता से पैसों की मांग की। पिता के पैसा न देने से नाराज खुरांशु घर में हंगामा करने लगा। इस पर डोमन ने खुरांशु को फटकार लगाई। इससे नाराज होकर खुरांशु ने अपनी सौतेली मां पर बटनदार चाकू से तीन बार वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया।

## पेज 9 के शेष...

### खत्म नहीं हो...

हैं। जिले में केंद्रीय विद्यालय न होने के कारण उन अमीर या सक्षम परिवारों के बच्चे तो दूसरे जिलों (जैसे रायपुर या धमतरी) का रुख कर लेते हैं, लेकिन गरीब, आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों का रास्ता बंद हो जाता है। कम खर्च में सीबीएसई पैटर्न, स्मार्ट क्लास, हाई-टेक लैब और एनसीसी जैसी सुविधाएं देने वाला यह संस्थान गरियाबंद के लिए एक स्कूल नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का जरिया है, जिसे लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है।

**क्यों उठ रही है केंद्रीय विद्यालय की पुरजोर मांग?-** केंद्रीय विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम के अनुरूप शिक्षा, प्रशिक्षित शिक्षक, स्मार्ट क्लास, विज्ञान और कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, खेलकूद, योग, एनसीसी तथा अन्य सहशैक्षणिक गतिविधियों की सुविधा उपलब्ध होती है। कम शुल्क में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिलने के कारण केंद्रीय विद्यालय देश की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं में गिने जाते हैं।

### कार्रवाई के बाद...

परिवहन की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद यह संयुक्त कार्रवाई की गई थी। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। हालांकि कार्रवाई के बाद भी पैरी नदी के विभिन्न घाटों पर रात के समय अवैध उत्खनन का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंधेरा होते ही भारी मशीनों और हाइवा वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाती है और रातभर रेत लोडिंग का काम चलता रहता है। इससे न केवल राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि नदी के अस्तित्व और पर्यावरण पर भी खतरा बढ़ता जा रहा है।

### फर्जी सीमांकन...

आमरण अनशन प्रारंभ करेंगे। उन्होंने कहा कि वे एक बुजुर्ग किसान हैं और न्याय की मांग को लेकर लगातार कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें राहत नहीं मिली है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि अनशन के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होती है, तो उसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस संबंध में छुरा तहसीलदार मयंक अग्रवाल को मामले से अवगत कराया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी थी।अब आने वाले दिनों में यह देखना होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और आवेदक की शिकायत पर क्या कार्रवाई करता है।

### गौ माता की सेवा...

भक्तों की सगर्भा अवस्था है ,जैसे जब कोई गर्भवती स्त्री का गर्भ 10 माह तक रह जाता है तो फिर प्रसव पीड़ा प्रारंभ हो जाती है और प्रसव होता है इस तरह से भक्त अपने साधन, भजन, जप ,तप व्रत को परिपक्व कर लेता है तब उसके हृदय में भगवान की भक्ति और उससे प्राप्त होने वाला आनंद जन्म लेता है। भगवान सच्चिदानंद है इसीलिए श्रीमद् भागवत में भगवान के जन्म के समय उल्लेख किया गया। नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की। नंद के यहां बेटा नहीं हुआ है बल्कि उनके यहां आनंद साक्षात शरीर धारण करके प्रकट हुआ है। नंद बाबा को उनकी बहन सुनंदा ने जैसे ही श्री कृष्ण के जन्म की खबर सुनाई तो नंदबाबा उस समय गौशाला में थे ,गायों की सेवा में थे ,सुनते ही प्रसन्नता से नाच उठे और अपने गले से उतारकर हीरे मोतियों और माणिक्य से सजा हुआ एक हार अपनी बहन को बधाई में दिया। **गौशाला में बनेगा टीन शेड और शौचालय-** गौकथा पुराण के मुख्य यजमान नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने गौ माता की सेवा करने सभी से आग्रह किया। हवन पूजन आरती में शामिल होकर उन्होंने अपनी ओर से गौशाला में टीन शेड एवं जन सुविधा शौचालय निर्माण कराए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर गौशाला के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल ने बताया कि गौशाला के सवा सौ सालों के इतिहास में यह पहली भागवत कथा है, जिसने इतिहास गढ़ा है, हर एक दिल को छुआ है, सभी के मन में गौ माता के प्रति श्रद्धा भक्ति बढ़ी है और यही हमारा ध्येय है। भागवत कथा श्रवण करने समिति के पार्षद लोमेश्वरी साहू, सुंदर सिंह ठाकुर, राजू काबरा, ओपी दुबे, अशोक अग्रवाल, विजय बोथरा, डॉ. दिलीप शाह, सुनील बोथरा, मोहन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, आकाश गुप्ता, रॉबिन चावला, संजय शर्मा, गोपाल यादव, मुन्ना यादव, प्रफुल्ल दुबे, रूपेंद्र चंद्राकर, योगेंद्र वर्मा, चंदू कंसारी मौजूद थे। खास बात यह रहा कि तीन दिनो के गौ भागवत पुराण में विधायक इंद्रकुमार साहू विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने श्री हनुमान जी महाराज एवं गौ माता की पूजा आरती में शामिल हुए।

## भवन निर्माण के नाम पर 36 लाख की ठगी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेलीबांधा थाना में एक व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ भवन निर्माण करने के नाम पर 36 लाख की ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिन लोगों के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई गई है, उन लोगों ने पीड़ित को भवन निर्माण करने के साथ डिजाइनर होने का झांसा देते हुए चार वर्ष पूर्व ठगी का शिकार बनाया था। बोरियाखुर्द निवासी विमल शर्मा ने मोहित सोलंकी तथा उसके पिता गुलाब सिंह के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। विमल ने पुलिस को बताया है कि भवन निर्माण कार्य के लिए मोहित ने मैग्नेटो मॉल में यूके, कॉन्सेप्ट डिजाइनर के नाम से ऑफिस खोला था। विमल ने वर्ष 2022 में पुराना धमतरी रोड स्थित गणेश वाटिका में भवन निर्माण कराने मोहित तथा उसके पिता से संपर्क किया। दोनों ने विमल को भवन निर्माण क्षेत्र का अनुभवी व्यक्ति बताते हुए, निर्धारित समय एवं शर्तों के अनुसार भवन निर्माण कार्य पूरा करने का झांसा दिया।

## बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण के लिए भुंजियामुड़ा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर समर्पित एक्सेस टू जस्टिस टीम द्वारा विकासखंड गरियाबंद की ग्राम पंचायत भुंजियामुड़ा में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच, पंचगण, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बच्चों एवं ग्रामीणों सहित 130 से अधिक लोगों ने सहभागिता की। इस अवसर पर आयोजित जागरूकता बैठक में बाल श्रम उन्मूलन और बच्चों के अधिकारों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम-2016 के प्रमुख प्रावधानों से अवगत कराया गया। बताया गया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम कराना कानूनन प्रतिबंधित है, वहीं 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों को खतरनाक व्यवसायों



एवं प्रक्रियाओं में नियोजित नहीं किया जा सकता। बाल श्रम से जुड़े अपराधों पर निर्धारित दंड एवं जुर्माने की जानकारी भी साझा की गई। बैठक के दौरान बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा बाल श्रम के दुष्प्रभावों के संबंध में व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही बच्चों के संरक्षण के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर इसकी सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम में जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली के दौरान बाल श्रम छोड़ो, शिक्षा से नाता जोड़ो और हर बच्चा पढ़ेगा, तभी देश बढ़ेगा जैसे नारों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण तथा प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ने के लिए सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समर्पित एक्सेस टू जस्टिस टीम गरियाबंद की सराहनीय भूमिका रही। टीम ने समुदाय को बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए बाल संरक्षण एवं शिक्षा के महत्व का संदेश दिया।

## विकासखंड के प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों की हुई समीक्षा बैठक

**सरायपाली।** जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मिशन समन्वयक के निर्देशानुसार बीईओ टीसी पटेल, सहायक बीईओ डीएन दीवान व बीआरसी देवानंद नायक की अध्यक्षता में विकासखंड सरायपाली के प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों की आवश्यक विभागीय समीक्षा बैठक बीआरसी कार्यालय में रखी गई। बैठक में आगामी 16 जून से नए शिक्षा सत्र की शुरूवात में स्कूलों की साफ-सफाई, पुस्तक प्राप्त, वितरण, स्कैनिंग, गणवेश, मर्ज शालाओं की जानकारी, आगामी सत्र से शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के गठन, कार्यप्रणाली और अपार आईडी, आधारविहीन बच्चों के पालकों से संपर्क कर बच्चों का आधार बनवाने, यू डाइस में ड्राप आउट बच्चों को दाखिला करवाना, एसएनए स्पर्श संबंधित जानकारी, नये सत्र से वीएसके के माध्यम से शिक्षकों और बच्चों की ऑनलाइन उपस्थिति आदि अनेक विषयों पर चर्चा की गई।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## पांडुका में बही विकास की गंगा : विधायक ने दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

# पांडुका क्षेत्र में विकास के लिए पैसों की नहीं होगी कमी : विधायक रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

विधायक रोहित साहू के पांडुका आगमन से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विधायक श्री साहू के आगमन पर ग्रामवासियों ने उनका आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। इस दौरान ग्राम पांडुका में विकास और निर्माण कार्यों के लिए लाखों रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि पांडुका के लोगों का स्नेह और सम्मान उनके लिए अत्यंत भावुक करने वाला है। उन्होंने कहा कि ग्राम पांडुका में अब विकास कार्य तेजी से होंगे तथा किसी भी प्रकार से पैसों की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बस्ती के लोग जिस कार्य की मांग करेंगे, उन सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृत किया जाएगा। विधायक श्री साहू ने केंद्र की मोदी सरकार की हर गारंटी को पूरा करने की बात कही तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी लोगों को दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान और मातृशक्ति के हित में लगातार कार्य कर रही है।

**1.21 करोड़ के स्कूल भवन का भूमिपूजन-** कार्यक्रम की शुरूआत जवाहर नवोदय विद्यालय पांडुका परिसर में भव्य पौधा रोपण से हुई। विधायक रोहित साहू, ग्राम पंचायत पांडुका की सरपंच भानु ध्रुव ,स्निग्धा शर्मा तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके पश्चात विधायक रोहित साहू शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडुका पहुंचे, जहां 1 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नवीन हाई स्कूल भवन का भूमिपूजन किया गया। पंडित के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा हुआ। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नागेंद्र साहू, प्राचार्य वाईआर साहू एवं समस्त विद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे। बस स्टैंड पांडुका में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौतम शर्मा एवं हर्ष देवांगन के नेतृत्व में विधायक रोहित साहू का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें लड्डुओं से तौलकर शुभकामनाएं दी। इसके बाद बाजे-गाजे एवं आतिशबाजी के साथ गांधी चौक और शीतला मंदिर परिसर में लगभग 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित टीना शेड का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। साथ ही गायत्री माता मंदिर एवं साहू समाज भवन का विधिवत भूमिपूजन भी संपन्न हुआ। विधायक के जन्मदिवस के अवसर पर गौतम शर्मा एवं हर्ष देवांगन के सौजन्य से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले शिविर में नागेंद्र साहू, प्रिंस शर्मा, चंद्रकांत चंद्राकर, दुवन साहू सहित बड़ी संख्या में युवाओं एवं नागरिकों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रोत्साहन स्वरूप थर्मस बोतल भेंट की गई। गायत्री मंदिर प्रांगण में आयोजित विशाल आमसभा में विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद पंचायत छुरा अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जिला पंचायत वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह, जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, भाजपा महिला मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष स्निग्धा शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, महामंत्री किशन कडरा, नागेंद्र साहू, बिसन साहू, वीरेंद्र कुमार साहू, गौतम शर्मा,जवाहर शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी मंचासीन रहे।



### नेताओं और ग्रामीणों की रही भारी भीड़



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्तियों की उपस्थिति रही। महिलाओं ने भी विधायक श्री साहू का आत्मीय स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास के प्रति विश्वास व्यक्त किया। विधायक रोहित साहू ने ग्रामवासियों के प्रति तृतीय आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष गौतम शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विधायक रोहित साहू को लड्डुओं से तौलकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में गांव की सरपंच भानु ध्रुव, उपसरपंच खिलेश्वर द्विवेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, पांडुका साहू समाज के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, महिला मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष स्निग्धा शर्मा, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी,वरिष्ठ भाजपा नेता नागेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष गौतम शर्मा, अभनपुर सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष पारस ठाकुर, नवापारा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अंकित मेघवानी, अजय रोहरा, बिसन लाल साहू, सोहन साहू, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों की भारी उपस्थिति रही तथा पूरे आयोजन में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।

## कबड्डी संघ के पदाधिकारियों ने डॉ. रमन सिंह से की मुलाकात



**राजिम**। जिला कबड्डी संघ के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ के प्रांत मंत्री सुमित उपाध्याय ,जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, उपाध्यक्ष शरद पारकर, उपाध्यक्ष पूरन यादव, किशोर पटेल मौजूद थे।

## विधायक का फूलों की पंखुड़ियों से स्वागत



**राजिम**। विधायक रोहित साहू, भगवान श्री राजीव लोचन की पूजा करने अपनी धर्मपत्नी भुनेश्वरी देवी साहू के साथ पहुंचे। उन्होने भगवान श्री राजीव लोचन से राजिम विधानसभा क्षेत्र की सुख समृद्धि खुशहाली के लिए मंगल कामना किया। यहां गरियाबंद रोड में श्री हनुमान जी के मंदिर में राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू के नेतृत्व में विधायक श्री साहू का फुलो की पंखुड़ियो से स्वागत किया गया।

## संगीता से लक्ष्मी ने की मुलाकात



**राजिम**। छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष एवं संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा से महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान सशक्तिकरण, सामाजिक सरोकारों तथा प्रदेश के समग्र एवं समावेशी विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक एवं सकारात्मक चर्चा की। इस अवसर पर बुलाखी साहू, सती साहू मौजूद थे।

### खबर संक्षेप

## समर कैंप में बच्चों ने सीखे नृत्य के गुर



**नवापारा-राजिम**। पीएमश्री शा प्रा शा सोमवारी बाजार नवापारा में समर कैंप कार्यक्रम में बच्चों को नृत्य कला का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायक गीतों पर नृत्य का अभ्यास किया। साथ ही संगीत शिक्षक महेंद्र कुशराम द्वारा बच्चों को विभिन्न वाद्य यंत्रों का परिचय कराया गया तथा उन्हें वाद्य यंत्रों के संचालन, ताल और लय की प्रारंभिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों ने पूरे उत्साह एवं रुचि के साथ सहभागिता करते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संगीत एवं नृत्य से जुड़ी गतिविधियों ने विद्यार्थियों को नई सीख प्रदान की तथा उनके आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। द्वितीय दिवस का कार्यक्रम आनंद, उत्साह और सीख से भरपूर रहा, जिसकी उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक युगेंद्र खेलारे, कविता चक्रधारी, पुष्पेंद्र साहू ,अरुणा नारंग सहित समस्त छात्र छात्राएं व शिक्षक गण उपस्थित रहे ।

## बोड़की में भाजपा कार्यकर्ताओं ग्रामीणों ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान एवं राजिम विधायक रोहित साहू की प्रेरणा से एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत बोड़की प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं, सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं वरिष्ठ नागरिकों ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच, भाजपा जिला किसान मोर्चा मंत्री रामजी साहू ने कहा कि पौधा रोपण हमारे जीवन का आधार है। वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन, छाया एवं प्राकृतिक संसाधनों का महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बोड़की के सरपंच नेतराम सिंहा, लेखन पटेल, पंचगण मिथलेश कुमार नेताम, भोजराम साहू, ग्राम पटेल होरिलाल साहू, परमेश्वर साहू, बेदराम साहू, बिसहत राम साहू, उत्तम कुमार यादव, ताराचंद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित ग्राम निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल के संकल्प के साथ किया गया।



## श्यामनगर प्रीमियर लीग का आगाज, 5 टीम दिखाएंगे दम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुरसाबांधा



ग्राम श्यामनगर में क्रिकेट प्रेमियों के लिए उत्साह और रोमांच से भरपूर श्यामनगर प्रीमियर लीग 2026 का भव्य शुभारंभ 12 जून को उदघाटन समारोह के साथ किया गया। भारत की सबसे लोकप्रिय क्रिकेट प्रतियोगिता आईपीएल की तर्ज पर आयोजित इस दो दिवसीय क्रिकेट महाकुंभ का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, खेल भावना को बढ़ावा देना तथा युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में ग्राम श्यामनगर एवं आसपास के क्षेत्रों के 75 चयनित खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिन्हें पांच टीमों में विभाजित किया गया है। खिलाड़ी रोमांचक मुकाबलों के माध्यम से अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के सभी मैच आधुनिक क्रिकेट नियमों के अनुरूप आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों को आईपीएल जैसा रोमांचक अनुभव प्राप्त हो सके। आयोजन समिति ने बताया कि श्यामनगर प्रीमियर लीग केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का अभियान है। इसके माध्यम से युवाओं को नशामुक्ति, अनुशासन, टीम भावना एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण खेल संस्कृति को सशक्त बनाने का प्रयास भी किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पांच टीमों के मालिक इस प्रकार हैं- मुंकूद मुरारी साहू -प्रकाश हार्डवेयर, प्रीतम साहू -केजल फ्यूल्स, श्यामनगर, भेषनारायण साहू -शुभम फर्टिलाइजर्स,अनिल साहू -प्रेम इलेक्ट्रॉनिक्स, हरिशंकर निषाद -योद्धा इलेवन,आयोजन समिति के सदस्य कमलनारायण वर्मा, हेमंत वर्मा, मयंक साहू, आर्यन साहू, समीर साहू, नूतन साहू, समर साहू एवं ईश्वर निषाद ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष सम्मान प्रदान किया जाएगा। वहीं विजेता एवं उपविजेता टीमों को आकर्षक ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

## सचिव संघ के पदाधिकारियों ने विधायक से की मुलाकत



**राजिम**। शनिवार को राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात करने ब्लॉक सचिव संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य पहुंचे। इस दौरान प्रशासन एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। विधायक रोहित साहू ने सचिवों के कार्यों की सराहना की तथा शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। कहा कि ग्रामीण विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सचिवों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## फुलझर की लोक धरोहर को सहेजने में जुटे सांस्कृतिक कलाकार

**सुरसाबांधा**। अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह के अवसर पर रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में फुलझर अंचल के लोकसंस्कृति संरक्षक गौकरण मानिकपुरी एवं लोक इतिहास शोधकर्ता राजकुमार यादव ने सहभागिता कर क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। गौकरण मानिकपुरी वर्षों से लोकगीत, जनश्रुतियों एवं ग्रामीण संस्कृति के संरक्षण में सक्रिय हैं, वहीं राजकुमार यादव धसकुड जंगल, जाम कुंड, जामवंत गुफा, जाम नाला और घटारानी जैसे ऐतिहासिक एवं लोकआस्था से जुड़े स्थलों का अध्ययन और दस्तावेजीकरण कर रहे हैं। दोनों का मानना है कि लोककथाएं, लोकगीत, पर्व-त्योहार और ग्राम्य परंपराएं भी इतिहास का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनके संरक्षण से न केवल सांस्कृतिक पहचान मजबूत होगी, बल्कि फुलझर अंचल के पर्यटन एवं शोध की संभावनाओं को भी नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि धसकुड, जाम कुंड, जामवंत गुफा और घटारानी जैसे स्थल भविष्य में सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र बन सकते हैं। भाजपा की अतरमरा शक्तिकेंद्र की मासिक बैठक सम्पन्न, 'एक पेंड़ माँ के नाम' अभियान पर बनी रणनीति प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर किया सम्मान।



## लोहरसी में पौधारोपण



**सुरसाबांधा**। ग्राम लोहरसी स्थित मां शीतला मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित ग्राम के संकल्प के साथ उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने नारियल के पौधों का रोपण कर सेवा एवं प्रकृति संरक्षण के रूप में मनाया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य नीता सोहन साहू, जिला सहकारी समिति अध्यक्ष धनीराम साहू, मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूरनलाल साहू, दिलीप शर्मा, सोहन साहू, युगल साहू, पोखनलाल साहू, देवलाल साहू, विक्रम साहू, खिलेश्वर साहू, जगदीश साहू, चम्पेश्वर सेन, यशवंत साहू, थानेश्वर जोशी, लेखराम साहू, विशाखा बाई साहू, खेमीन बाई साहू, संतराम साहू, मनोज देवदास, कोमल ठाकुर, मुकेश ध्रुव, रिपु निर्मलकर, गिरवर यादव, देवेन्द्र साहू, सुशील साहू, द्वारिका पटेल, विसरु साहू, शांतनु निषाद, डेमन निषाद, रूपेश साहू, नमन पटेल, नवीन साहू सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे। कहा कि पौधारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण का संकल्प है।

## चरौदा में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञापुराण कथा में उमड़ा जनसैलाब

# मनुष्य और पशु में अंतर देह का नहीं, बल्कि चेतना का है : परमानंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार के निर्देशानुसार ग्राम चरौदा में ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रज्ञापुराण व्यासपीठ से युग पुरोहित परमानंद महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को चेतना के उच्चतम स्तर को याद रखने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनुष्य और पशु में अंतर केवल देह का नहीं, बल्कि चेतना और संस्कारों का है। महाराज ने अपने उपदेश में कहा कि पशु केवल खाता है, सोता है और संतान उत्पन्न करता है, उसकी दृष्टि केवल अपने पेट तक सीमित है। मनुष्य यदि वही कर्म करे तो वह भी पशुवत ही है। सच्ची मनुष्यता वह है, जिसमें सबका पेट भरे और सबका जीवन सुधरे।/"* उन्होंने गायत्री माता की शिक्षाओं को उद्धृत करते हुए कहा कि कलयुग की समस्याओं का एकमात्र समाधान प्रज्ञापुराण है। इंद्रिय संयम से पशुता मिटेगी और ज्ञान की ज्योति से मनुष्यता जगेगी। यज्ञ की अग्नि केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि का माध्यम है।

**हजारों श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां, विधि-विधान से हुए संस्कार-** शुक्रवार को आयोजित भव्य गायत्री महायज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में किसुन-कलेन्द्र, चैनसिंग-सुशीला, चुम्मन-गैदबाई, दशरथ-निर्मला, मोहन-दूलेश्वरी, उत्तम-मंजु सिन्हा, आनंद-सुमित्रा सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं। महायज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नम्रता ध्रुवंशी, सोनिया ध्रुवंशी, सोमन, सोनिया, योगेश्वरी, डाली ध्रुव सहित 8 गर्भवती माताओं का 'पुंसवन संस्कार' पूर्ण कर उन्हें औषधि प्रसादी दी गई। इसके साथ ही भव्य दीप महायज्ञ का भी आयोजन किया गया।

**आरती-पूजन के साथ शुभारंभ-** कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञाचार्य व यज्ञ संचालक चेतना केंद्र फिंगेश्वर (शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि) परमानंद महाराज द्वारा गायत्री माता, परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व आरती-पूजन के साथ हुआ। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए चरौदा के ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से एक दिन के लिए अपने सभी निजी काम बंद रखे और पूरे उत्साह के साथ अपनी सहभागिता दर्ज की।

**मधुर प्रज्ञा गीतों से थिरके श्रद्धालु-** कथा के मुख्य वाचक परमानंद महाराज के साथ सह-वक्ता के रूप में गायत्री परिवार के ब्लॉक अध्यक्ष टीकम सेन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुमारी भोज साहू ने अपनी सुमधुर आवाज में प्रेरक प्रज्ञा गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। संगीत पक्ष में गायक तेजराम साहू और तबले पर दिनेश साहू ने बेहतरीन संगत की। गायत्री महायज्ञ को भव्य और सफल बनाने में ग्राम चरौदा के जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों का विशेष सहयोग रहा। इनमें प्रमुख रूप से सरपंच गजानंद साहू, उपसरपंच सूरज पटेल, पूर्व सरपंच व ग्राम प्रमुख मनोज कुमार पटेल, खोरबाहरा राम सिन्हा, डंकू राम सिन्हा, अभय, सुरेश, अनूप, रोहित राम सेन, जीवनलाल सेन, ललित कुमार सिन्हा, युगल किशोर सिन्हा, पूनम ध्रुव, भगवान सिंग, शारदा चरण दीवान, भागवत राम सिन्हा, इतवारी राम सिन्हा, चंद्रहास सिन्हा, भागीरथी सिन्हा, परदेशी राम सिन्हा, डॉ. राजाराम सिन्हा, इकाई प्रमुख चेतन सिन्हा, मेषराम साहू, श्यामुराम साहू देवरी, बसंत, सीताराम, खेलावन पटेल, कन्हैया, अजय, दीवान, तुलसी, टीका, कामता, ताम्रध्वज, योगेश, नोहर, अवधराम और पुरुषोत्तम सिन्हा शामिल रहे। इस धार्मिक अनुष्ठान में महिला मंडल से मीरा देवी, तुलसी साहू, प्रेमिन, गयाबाई, सुशीला, जमुना, रामकिला, वेदबाई, चमेली, माधवी, केवरा साहू, हेमिन, ओमिन, हेमप्रभा, गीतांजलि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व गायत्री परिजन उपस्थित थे।